हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 6 अगस्त 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

04 कलेक्टर ने मिड-डे मील में लापरवाही की जांच के...



07 भोजन, पेयजल सफाई का जायजा लिया मच्छर...



खबर संक्षेप

मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कल

नलखेड़ा। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के बच्चों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्ध इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंग, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन की संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से ₹मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज 2026₹ का आयोजन किया जा रहा है। आगर जिले में यह प्रतियोगिता 7 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर, आगर-मालवा में आयोजित होगी। इसमें जिले के चारों विकासखण्डों के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की ऑनलाइन पंजीकृत 111 टीमें भाग लेंगी। कलेक्टर कार्यालय आगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी टीमें प्रातः 8:30 बजे प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होंगी। टीमों का पंजीयन प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ होगा एवं प्रातः 10:00 बजे लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के आधार पर प्रथम 6 टीमों का चयन कर चयनित टीमों के बीच क्विज मास्टर द्वारा मल्टीमीडिया राउंड आयोजित किया जाएगा। विजेता टीमों को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से 02 रात्रि 03 दिन एवं उपविजेता टीमों को 01 रात्रि 02 दिन के आवास एवं भोजन सुविधा युक्त कूपन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर प्राप्त होगा। जिला प्रशासन की ओर से प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

चातुर्मास में चल रहे धार्मिक प्रवचन, भक्तों की उमड़ रही भीड़

सम्यक दर्शन के लक्षणों से आत्मा की निर्मलता का मार्ग प्रशस्त होता है: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





कर्मों का बंधन अवश्य ही समय आने पर उदय में आता है, इसलिए कर्म बंध के समय व्यक्ति को अत्यंत सजग और विवेकशील रहना चाहिए। सम्यक दर्शन का आधार ही सही दृष्टिकोण है, जिसके बिना आत्मा मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर नहीं हो सकती।

महावीर जिनालय मंदिर ट्रस्ट, आराधना भवन नीमच में चल रहे प्रवचनों की श्रृंखला के अंतर्गत परम पूज्य विचक्षण ज्योति, मालव मणि, प्रवर्तिनी महोदया श्री चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज सा. की सुशिष्या पूज्य रत्न निधिजी म. सा. पुण्य निधि म. सा. ने तत्त्वार्थसूत्र पर आधारित चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में सम्यक दर्शन के लक्षणों का विस्तृत विवेचन करते हुए कहा कि समभाव ही आत्मकल्याण का वास्तविक मार्ग है। उन्होंने कहा कि जीव अनादिकाल से शीत, उष्ण, दुःख, सुख और अनेक प्रकार की सांसारिक परिस्थितियों को सहता आया है, फिर भी वह आज भी छोटी-छोटी घटनाओं में समभाव धारण नहीं कर पाता, जो आत्मिक उन्नति में सबसे बड़ी बाधा है। साध्वी रत्न निधि श्रीजी ने कहा कि नगर के अनेक जैन परिवार विभिन्न कार्यों और व्यवसायों में व्यस्त रहते हैं, परंतु जिनवाणी श्रवण, स्वाध्याय और धर्म आराधना के लिए वह समय नहीं निकाल पाते। यह स्थिति पुण्य के अभाव तथा पूर्व कर्मों के उदय का परिणाम है।

उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतिदिन कुछ समय धर्म श्रवण के लिए अवश्य निकालना चाहिए, क्योंकि यही आत्मा को सही दिशा प्रदान करता है। प्रवचन के दौरान उन्होंने राजा श्रेणिक एवं उनके पुत्र कोणिक (अजातशत्रु) का प्रथम प्रसंग, गजसुकुमाल मुनि का द्वितीय प्रसंग के माध्यम से कर्मों का बंधन उनका उदय और उसे किस तरीके से सहन करना संभाव में रहकर यह बताया तथा भरत चक्रवर्ती के प्रसंग को अलग रूप से प्रस्तुत करते हुए समझाया कि संसार में रहते हुए भी वे सांसारिक विषयों से अनासक्त रहे और इसी कारण उन्होंने आत्मज्ञान की प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होकर जीवन को सार्थक बनाया। उन्होंने कहा कि कर्मों का बंधन अवश्य ही समय आने पर उदय में आता है, इसलिए बंध के समय व्यक्ति को अत्यंत सजग और विवेकशील रहना चाहिए। कर्म किसी को छोड़ते नहीं है, तीर्थंकर परमात्मा को भी कर्म उदय में आने पर उन्हें भोगना पड़ा। उन्होंने कहा कि सम्यक दर्शन का आधार ही सही दृष्टिकोण है, जिसके बिना आत्मा मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर नहीं हो सकती। सम्यक दर्शन के दूसरे लक्षण संवेग का उल्लेख करते हुए साध्वी रत्न निधि श्रीजी ने कहा कि मोक्ष की तीव्र अभिलाषा रखने वाला जीव संसार में रहते हुए भी सांसारिक विषयों में आसक्त नहीं होता। उन्होंने बताया कि राग और द्वेष का त्याग ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है तथा तप, संयम और साधना आत्मा को निर्मल बनाने के प्रमुख साधन हैं। तीसरे लक्षण निर्वेग को स्पष्ट करते हुए उन्होंने भगवान श्रीराम का उदाहरण दिया कि वनवास देने वाली कैकेयी के प्रति भी उन्होंने क्षमा और कृतज्ञता का भाव रखा। उन्होंने कहा कि जीवन में नकारात्मकता को छोड़कर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने से ही आत्मोन्नति संभव है और व्यक्ति अपने जीवन को शांत, संतुलित तथा धर्ममय बना सकता है। प्रवचन के अंत में उन्होंने एक प्रेरक कथानक कहीं धूप कहीं छांव जिसमें राजा वीरधवल, रानी पद्मावती तथा मंत्री सुबुद्धि के माध्यम से राजकुमारों उदयभान और वीरभान को शिक्षा-दीक्षा के साथ जैन संस्कारों का रोपण किए जाने का वर्णन किया गया। इस प्रसंग से यह संदेश दिया गया कि संस्कार ही व्यक्ति के जीवन की वास्तविक पूंजी हैं और सही संस्कारों से ही समाज में धर्म, शांति और सद्भाव की स्थापना संभव है। धार्मिक प्रवचन में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

वाहनों में हो रहा है नुकसान

पिलवास ब्रिज पर हो रहे गड्ढे, दे रहे हैं दुर्घटना को आमंत्रण




नलखेड़ा। नलखेड़ा-कानड़ मार्ग पर ग्राम पिलवास में स्थित ब्रिज एवं ब्रिज के दोनों ओर सड़क पर हो रहे बड़े बड़े गड्ढे जो वाहनों को तो नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं किसी बड़ी दुर्घटना को भी आमंत्रण देते दिखाई दे रहे है। यहाँ छोटी मोटी दुर्घटना होना तो आम हो गया है। जिम्मेदारों को तत्काल इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। नलखेड़ा-कानड़ मार्ग पर नलखेड़ा के समीप स्थित ग्राम पिलवास के नाले पर निर्मित ब्रिज पर बीच मे बड़े गड्ढे हो गए हैं। जोकि वाहन चालकों को अनायास दिखाई नही देते है। जिसके चलते लगभग प्रतिदिन चौपहिया वाहन के पहिये इसमें उतर रहे है साथ ही दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। इसी ब्रिज के दोनों ओर जहां पुलिया समाप्त होती है वहां पर तथा शासकीय स्कूल के पास भी सड़क पर डामर कट कर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। यहाँ आये दिन छोटी मोटी दुर्घटना होती रहती है। उक्त गड्ढे और अधिक बड़े हो इससे पूर्व ही जिम्मेदारों को तत्काल इस ओर ध्यान देकर इन गड्ढो को भरा जाना चाहिए जिससे कि किसी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका को समाप्त किया जा सके।

मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने का है मुख्य मार्ग

नलखेड़ा-कानड़ मार्ग विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने के लिए इंदौर, देवास, शाजापुर आदि शहरों व इससे जुड़े क्षेत्रो से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए मुख्य मार्ग है जिसके चलते इस मार्ग पर आवागमन भी काफी रहता है। प्रशासन को शीघ्र ही इस ओर ध्यान आकृष्ट कर आवश्यक दुरुस्तीकरण का कार्य करवाया जाना चाहिए।

राजस्व मंत्री वर्मा आज आगर आएंगे



नलखेड़ा। म.प्र. शासन राजस्व विभाग के मंत्री करण सिंह वर्मा आज गुरुवार को प्रातः 10:00 बजे भोपाल से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2:00 बजे आगर आएंगे। श्री वर्मा आगर में बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में दर्शन एवं अभिषेक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद शाम 4:00 बजे आगर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

सावन महीने में भोले की भक्ति में डूबे भक्त

नलखेड़ा। श्रावण माह में भक्त भोले की भक्ति में डूबे हुवे प्रतीत हो रहे है। भक्त तरह तरह से भगवान की भक्ति में लीन दिखाई दे रहे है। श्रावण माह भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष माह माना जाता है। इस माह में भक्त भोले का पूजन, अभिषेक, व्रत, उपवास, कावड़ यात्रा, भजन कीर्तन आदि कर भक्ति करते है। इन दिनों नगर में भक्त इसी प्रकार से भोले की भक्ति में डूबे नजर आ रहे है। अपने बड़ो का अनुसरण छोटे छोटे बच्चें भी कर रहे है। मोहल्ले में किसी भी एक घर पर इकठ्ठा होकर छोटे छोटे बच्चें भी ढोलक, झांझ, मजीरों की ताल पर भजनों की प्रस्तुति के साथ भोले की भक्ति कर रहे है। छोटे छोटे बच्चों को भक्ति से सरोबार हो भजनों की प्रस्तुति देते देखना व सुनना अपने आप मे एक सुखद अनुभूति का एहसास करवा रही है।



अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देवास

स्वस्थ दिल, स्वस्थ जीवन

हृदय रोगों की जांच, उपचार एवं आपातकालीन सेवाएं अब एक ही स्थान पर।



हमारी विशेष सेवाएं

- ECG, Echo एवं TMT — हृदय की कार्यक्षमता की सटीक एवं विश्वसनीय जांच।
- पेसमेकर प्रत्यारोपण (Pacemaker Implantation) — धीमी या अनियमित हृदय गति (Arrhythmia) के लिए अत्याधुनिक पेसमेकर प्रत्यारोपण एवं विशेषज्ञ देखभाल।
- एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी — हृदय की धमनियों की उन्नत जांच एवं आधुनिक उपचार सुविधा।
- हार्ट फेलियर मैनेजमेंट — हार्ट फेलियर एवं अन्य जटिल हृदय रोगों का विशेषज्ञ उपचार।
- 24×7 कार्डियक इमरजेंसी — हर समय उपलब्ध आपातकालीन कार्डियक सेवाएं एवं त्वरित चिकित्सा।
- अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट — अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत परामर्श एवं उपचार।

क्यों चुनें अमलतास?

- अत्याधुनिक Cath Lab
- अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट एवं मेडिकल टीम
- त्वरित निदान एवं उपचार
- आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीक
- 24×7 कार्डियक इमरजेंसी सेवाएं
- रोगी-केंद्रित सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार

आज ही परामर्श हेतु संपर्क करें।

1800-571-2120
24×7 हेल्पलाइन

हमारा संकल्प : समय पर जांच • सटीक निदान • प्रभावी उपचार • स्वस्थ हृदय, बेहतर जीवन

अनुभवी विशेषज्ञ टीम | आधुनिक तकनीक | रोगी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

24×7 आपातकालीन सेवाएं

Amaltas Super Speciality HospitalVillage Bangar, Dewas-Ujjain Highway,Dewas (M.P.)

Scan the QR to visit our website

Follow us on
amaltassuperspecialityhospital
Amaltas Hospital,Dewas



खबर संक्षेप

तहसीलदार ने सतवास का संभाला पदभार



सतवास। नवपदस्थ तहसीलदार संजय गर्ग ने बुधवार को सतवास तहसील का विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितैषी प्रशासन देने का संकल्प लेते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। गर्ग ने कहा कि राजस्व से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निपटारा, किसानों एवं आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान तथा शासन के निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी कार्यशैली का प्रमुख आधार रहेगा।

विद्यालय में हुआ छात्र संगठन का चुनाव

चापड़ा। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय मातमोर की प्रधानाध्यपक प्रियंका तिवारी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को छात्र संगठन के चुनाव की प्रकिया और उसके महत्व को समझाया गया। विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिका शशि शर्मा पीठासीन,जगदीश चंद मालवीय मतदान अधिकारी ,रीना जाट ,मनीष चौहान एवं राजेंद्र बैरागी माइक्रो ऑब्जरवर की भूमिका निभाते हुए मतपेटी मे डाले गये समस्त मतपत्र की गिनती कर चुनावी परिणाम घोषित किया।यह पूरी प्रक्रिया उम्मीदवार के नामांकन पर्चा दाखिल करने से लेकर चुनावी परिणाम के साथ शपथ ग्रहण समारोह पर संपन्न हुई। विद्यालय छात्र संगठन की अध्यक्ष निहारिका सेंधव,उपाध्यक्ष पंकज सैनी, महासचिव जागृति बागवान,कोषाध्यक्ष सपना सेंधव,अनुशासन प्रभारी मुकुल सैनी, सांस्कृतिक प्रभारी खुशी सैनी,खेल प्रभारी रोशन परमार आदि को बधाई दी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक हुई आयोजित

कलेक्टर ने मिड-डे मील में लापरवाही की जांच के दिए निर्देश, मांगी जांच रिपोर्ट

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' के तहत जिले में पहला शिविर 07 अगस्त को गंधर्वपुरी में लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जल जीवन मिशन, सीएम हेल्पलाइन, लोकसेवा गारंटी और समय-सीमा (टीएल) के लंबित प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा कर सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएं। समीक्षा के दौरान मिड डे मील में लापरवाही की शिकायत पर कलेक्टर सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जाँच दल का गठन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जाँच दल पूरे मामले की बारीकी से समीक्षा कर आगामी चार दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। मिड डे मिड जैसी महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिड-डे मील के वितरण और गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने पर इस कार्य से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अत्यधिक संख्या में शिकायतें लंबित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्य में लापरवाही और आमजन की समस्याओं के निराकरण में उदासीनता बरतने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर की आगामी दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। भविष्य में यदि किसी भी विभाग में शिकायतों की पेंडेंसी बढ़ती है, तो संबंधित विभागाध्यक्ष के खिलाफ सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सीमांकन संबंधी शिकायत के निराकरण में लापरवाही बरतने पर सोनकच्छ तहसीलदार नेहा शाह को एक वेतन वृद्धि रोकने संबंधी शोकॉज नोटिस जारी करने एवं ग्राम कुमारिया राव की पटवारी प्रियंका राजोरिया को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि जिले में 07 अगस्त से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरुआत की जा रही है, जो 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। जिले में अभियान का शुभारंभ 07 अगस्त को सोनकच्छ क्षेत्र के ग्राम गंधर्वपुरी में शिविर का आयोजन कर किया जाएगा। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां अभी से सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को गांव और वार्ड स्तर तक पहुंचाकर आम लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना तथा प्रशासनिक अमले को सीधे गांव और शहरी वार्ड स्तर तक पहुंचाना है। अभियान के तहत फील्ड की वास्तविक स्थितियों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जमीनी फीडबैक भी प्राप्त किया जाएगा।बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

स्कूल बसों पर परिवहन विभाग की सख्ती, 4 बसों पर की गई कार्रवाई

सुरक्षा मापदंडों और पीयूसी में मिली कमियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा जिले में स्कूल बसों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को परिवहन विभाग के दल ने देवास शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में संचालित स्कूल बसों की सघन जांच की।परिवहन विभाग की टीम ने बीसीएम स्कूल, किंडर स्कूल, यूनानी कॉलेज और चैतन्य टेक्नो सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बसों में बच्चों की सुरक्षा से संबंधित निर्धारित मापदंडों की जांच की गई।जांच के दौरान 4 स्कूल बसों में सुरक्षा मापदंडों की अनदेखी तथा पीयूसी प्रमाण-पत्र संबंधी कमियां पाए जाने पर परिवहन विभाग ने चालानी कार्रवाई करते हुए 18 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया।जिला परिवहन अधिकारी बरखा शुक्ला ने बताया कि स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। जांच अभियान के दौरान बसों के सुरक्षा उपकरणों, आवश्यक दस्तावेजों सहित अन्य निर्धारित मानकों की भी जांच की गई। साथ ही वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र (पीयूसी) की स्थिति भी देखी गई।

सावन में शुरू हुए राम रसोड़े, कांवड़ यात्रियों को मिलेगी निःशुल्क सेवा



चापड़ा। सावन माह में धार्मिक यात्रियों की सेवा के उद्देश्य से नगर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला राम रसोड़ा इस वर्ष भी शुरू हो गया है। नेमावर रोड पर जय बाबा रामदेवजी आयोजन समिति द्वारा संचालित राम रसोड़े में रामदेवरा जाने वाले यात्रियों एवं कावड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि राम रसोड़े में यात्रियों के लिए रात्रि विश्राम, भोजन, नाश्ता, चाय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। सावन माह में बड़ी संख्या में धार्मिक यात्रियों का आवागमन होने के चलते करीब एक माह तक नगरवासियों के सहयोग से राम रसोड़े का संचालन किया जाएगा। इसी तरह हाटपीपल्या मार्ग पर ग्राम इकलेरा के ग्रामीणों द्वारा इकलेरा फाटे पर भी विगत कई वर्षों से राम रसोड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिले की सबसे बड़ी बोल बम कावड़ यात्रा धराजी घाट से प्रारंभ हो चुकी है। यह यात्रा गुरुवार शाम करीब 5 बजे चापड़ा नगर में प्रवेश करेगी। यात्रा के नगर में पहुंचने पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। कावड़ यात्रा का रात्रि विश्राम चापड़ा में रहेगा।ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर कावड़ यात्रियों के लिए भोजन व्यवस्था बद्रीलाल पाटीदार, इकलेरा वालों की ओर से की जाएगी।


कालूराम दिरवाया भगत का आकस्मिक निधन



भौरासा। बाबा भवँरनाथ महाराज के भक्त के नाम से पहचाने जाने वाले संतोष दिरवाया ,दिलीप दिरवाया,सतीष दिरवाया एवं प्रदीप के पूज्य पिता व रोहित ,राहुल, अनिकेत ,अंशु , दिरवाया के दादा कालूराम दिरवाया (भगत) का 85 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। इनके निधन पर अनेक नगरवासियों ने श्रद्धांजलि दी।

सात अगस्त को पवित्र पुष्पगिरी तीर्थ में बनेगा इतिहास, हजारों लोग एक साथ करेंगे उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



अंतर्मना धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास तथा पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर एवं जैनाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के आशीर्वाद से दिगंबर जैन संत अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर महाराज द्वारा चलाए जा रहे 'हर मास, एक उपवास' महाअभियान का आयोजन 7 अगस्त को पुष्पगिरी तीर्थ, सोनकच्छ में होगा।

कार्यक्रम सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। आयोजन में हजारों लोगों के सामूहिक रूप से उपवास करने की संभावना है। आयोजन के मुख्य अतिथि कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गेहलोत होंगे, जबकि सुप्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य चिन्मयानंद बापू का सानिध्य प्राप्त होगा।

आयोजित हो रहे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री कालूराम बामनिया उपस्थित रहेंगे।अंतर्मना संघ के प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि आचार्य प्रसन्न सागर महाराज द्वारा स्वस्थ जीवन और निरोगी काया के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 7 तारीख को एक उपवास करने का संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान से अब तक 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां योग गुरु बाबा रामदेव योग, ध्यान और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहे हैं, वहीं आचार्य प्रसन्न सागर महाराज उपवास के माध्यम से मानव समाज को निरोगता का संदेश दे रहे हैं। इस अभियान से अब तक 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां योग गुरु बाबा रामदेव योग, ध्यान और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहे हैं, वहीं आचार्य प्रसन्न सागर महाराज उपवास के माध्यम से मानव समाज को निरोगता का संदेश दे रहे हैं। इस अभियान से अब तक 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां योग गुरु बाबा रामदेव योग, ध्यान और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहे हैं, वहीं आचार्य प्रसन्न सागर महाराज उपवास के माध्यम से मानव समाज को निरोगता का संदेश दे रहे हैं।



एसएनसीयू की टीम ने की 19 दिन कड़ी मेहनत

वेंटिलेटर से मां की गोद पहुंचा नवजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला चिकित्सालय देवास के एसएनसीयू में गंभीर हालत में भर्ती 36 सप्ताह के नवजात ने 19 दिनों के उपचार और चिकित्सकीय टीम के अथक प्रयासों के बाद स्वस्थ होकर नया जीवन पाया। जन्म के समय नवजात के नहीं रोने और गंभीर संक्रमण के चलते उसकी हालत बेहद नाजुक थी। उसे तत्काल वेंटिलेटर पर रखा गया था।टोंकखुर्द निवासी 22 वर्षीय महक पति सोहेल नायता पटेल का 16 जुलाई 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द में सामान्य प्रसव हुआ था। 36 सप्ताह प्रसव वाला शिशु जन्म के समय रोया नहीं, जिसके चलते उसे उच्च संस्था में रेफर किया गया। परिजनों ने दो दिन देवास के एक निजी चिकित्सालय में उपचार कराया। इसके बाद 18 जुलाई को शिशु को जिला चिकित्सालय देवास लाया गया, जहां उसे तत्काल एसएनसीयू में भर्ती किया गया।शिशु की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे तत्काल वेंटिलेटर पर रखा गया। जांचों में गंभीर संक्रमण की पुष्टि हुई और शिशु को कई जटिलताओं का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों ने आवश्यकतानुसार एंटीबायोटिक दवाएं देने के साथ प्लेटलेट्स और रक्त चढ़ाया। करीब सात दिन बाद शिशु को वेंटिलेटर से हटाकर ऑक्सीजन पर रखा गया।शिशु की गंभीर स्थिति को देखकर परिजन निराश हो रहे थे, लेकिन एसएनसीयू की टीम ने उन्हें लगातार हिम्मत दी। चिकित्सा दल के सतत प्रयासों से करीब 13 दिन बाद शिशु के स्वास्थ्य में सुधार दिखाई देने लगा। छह दिन ऑक्सीजन पर रखने के बाद 25 जुलाई से ट्रायल फीड शुरू किया गया। ऑक्सीजन से हटाने के बाद कटोरी-चम्मच से दूध पिलाया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने पर मां का दूध शुरू कराया गया और शिशु को एमएनसीयू में शिफ्ट किया गया।लगातार उपचार के बाद शिशु की स्थिति सामान्य हुई और सभी रिपोर्ट सामान्य आने पर 19 दिन बाद 4 अगस्त 2026 को उसे स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। उपचार के दौरान शिशु की मां महक और दादी बबिता लगातार उसके साथ रहीं। वहीं पिता सोहेल टोंकखुर्द में अपना काम संभालने के साथ अस्पताल आकर शिशु की स्थिति की जानकारी लेते रहे।चिकित्सकों के अनुसार शिशु की हालत बेहद गंभीर थी और ऐसे मामलों में नवजात के बचने की संभावना कम रहती है। परिजनों को उच्च संस्था में उपचार कराने की सलाह भी दी गई थी, लेकिन उन्होंने एसएनसीयू की टीम पर विश्वास जताते हुए जिला चिकित्सालय में ही उपचार जारी रखने का निर्णय लिया। शिशु के स्वस्थ होने के बाद परिजनों ने चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त किया।इस सफलता में एसएनसीयू की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वैशाली निगम, डॉ. अनुज चाचरे, डॉ. अश्विन सिंह सहित संपूर्ण नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम ने दिन-रात मेहनत और समर्पण के साथ नवजात का उपचार किया।

खबर संक्षेप

अनियंत्रित ट्रक ढाबे में घुसा, सो रहे कर्मचारी बचे

ललितपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक ढाबे में जा घुसा। हादसे में ढाबा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि अंदर सो रहे कर्मचारी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हादसा मंगलवार-बुधवार की रात करीब 2.30 बजे मसौरा बैरियर और गोविंद सागर बांध के पास स्थित भूपेंद्र राजा के ढाबे पर हुआ। बताया गया कि झांसी से सागर की ओर आलू लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और हाईवे से करीब 100 फीट दूर स्थित ढाबे में जा घुसा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय ढाबे के कर्मचारी अंदर सो रहे थे। ट्रक के अचानक ढाबे में घुसने से वहां चीख-पुकार और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। राहत की बात यह रही कि कोई भी कर्मचारी ट्रक की चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हादसे में ढाबे की इमारत, फर्नीचर और अन्य सामान को भारी नुकसान पहुंचा है। टक्कर इतनी तेज थी कि ढाबे का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह तेज रफ्तार और चालक का वाहन पर नियंत्रण खोना माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

बसपा की मंडलीय बैठक आज ललितपुर में

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की एक दिवसीय मंडलीय स्तरीय बैठक गुरुवार 6 अगस्त को ललितपुर में आयोजित होगी। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती के निर्देशन में आयोजित होने वाली इस बैठक में झांसी मंडल के तीनों जिलों के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल प्रभारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे। बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने बताया कि बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय, सिविल लाइन में किया जाएगा। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों, बूथ स्तर तक संगठन विस्तार तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के मुख्य अतिथि झांसी मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी विक्रम सिंह जाटव (आगरा) होंगे। इसके अलावा झांसी एवं चित्रकूट मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार तथा झांसी मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी मानवेंद्र पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बैठक में झांसी, जालौन और ललितपुर जनपदों के मंडल प्रभारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा कमेटियों के सदस्य, जिला एवं विधानसभा स्तर के बीवीएफ संयोजक, पार्टी के पूर्व पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक शामिल होंगे।

जलकर बकाएदारों का ब्याज व सरचार्ज होगा माफ

ललितपुर। जलकर एवं जलमूल्य के बकायेदार उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। जल संस्थान ने शासन के निर्देश पर एकमुश्त समाधान योजना लागू कर दी है। इस योजना के तहत बकाया जलकर एवं जलमूल्य की धनराशि पर लगे ब्याज और सरचार्ज की शत-प्रतिशत माफी दी जाएगी। जल संस्थान अधिशासी अभियंता ने बताया कि प्रमुख सचिव, नगर विकास अनुभाग-09, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ तथा महाप्रबंधक, झांसी डिवीजन जल संस्थान, झांसी के निर्देशों के क्रम में यह योजना लागू की गई है। योजना का उद्देश्य जलकर एवं जलमूल्य के पुराने बकायों का निस्तारण कर उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना है। एकमुश्त समाधान योजना का लाभ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले उन उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिन पर जलकर अथवा जलमूल्य की धनराशि बकाया है।

अटल व विहान आवासीय विद्यालयों का उप श्रम आयुक्त ने निरीक्षण कर चेतावनी दी

भोजन, पेयजल सफाई का जायजा लिया मच्छर जनित रोगों के रोकथाम पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



उप श्रम आयुक्त झांसी किरण मिश्रा ने अटल आवासीय विद्यालय धौरी एवं विहान आवासीय विद्यालय (बालक एवं बालिका) का औचक निरीक्षण कर वहां छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, विद्युत व्यवस्था और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी व्यवस्थाओं को परखा गया। उप श्रम आयुक्त ने जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। अटल आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उप श्रम आयुक्त ने मेस और भोजन व्यवस्था की जांच की। भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार तैयार मिला और उसकी गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। उन्होंने मेस मैनेजर एवं प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि बच्चों को आगे भी नियमित रूप से निर्धारित मेन्यू के अनुसार ताजा, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर, छात्रावास एवं मेस की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

बारिश के मौसम को देखते हुए उप श्रम आयुक्त ने विद्यालय परिसर में जलभराव नहीं होने देने के विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव से मच्छर जनित एवं संचारी रोगों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बच्चों का बचाव करने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराई गई मच्छरदानियों का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच कराने तथा पानी की टंकियों की निर्धारित अंतराल पर नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। उप श्रम आयुक्त ने विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती, भोजन सामग्री के रखरखाव, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सहित सुरक्षा संबंधी इंतजामों की भी जानकारी ली।

उन्होंने छात्र-छात्राओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और उनकी सेहत पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों से कहा गया कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उप श्रम आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि निरीक्षण अथवा निगरानी के दौरान किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने के बाद उप श्रम आयुक्त ने विहान आवासीय विद्यालय बालक एवं बालिका का भी निरीक्षण किया।

यहां उन्होंने बच्चों के रहने, खाने-पीने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। दोनों विद्यालयों के वार्डन को भोजन की गुणवत्ता में और सुधार करते हुए बच्चों को ताजा, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही बारिश के मौसम में जलभराव, गंदगी एवं संचारी रोगों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए समय रहते सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी ललितपुर अनिल कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी झांसी अरुण कुमार तिवारी सहित विद्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टाफ मौजूद रहा।

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें

अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण, मामलों के निस्तारण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी ने बुधवार को पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यालयीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों, पत्रावलियों और कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने वाचक कार्यालय पहुंचकर प्राप्त होने वाले पत्रों, आदेशों एवं अन्य पत्रावलियों के निस्तारण की स्थिति देखी और सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षण किया। यहां कार्यालयीय अभिलेखों एवं पत्रावलियों की जांच करते हुए सभी कार्यों को नियमानुसार और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने आईजीआरएस सेल का निरीक्षण कर जनशिकायतों की स्थिति और उनके निस्तारण की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनशिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता के रूप में न हो, बल्कि पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से किया जाए। निरीक्षण के दौरान मॉनिटरिंग सेल के कार्यों एवं अभिलेखों की भी जांच की गई। एसपी ने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा और प्रभावी अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। डीसीआरवी सेल के निरीक्षण में संबंधित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए। वहीं पैरवी सेल में न्यायालयों में विचाराधीन अभियोगों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने तथा अभियोजन कार्य को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

दस करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारंभ

नशा छोड़ने का संदेश, नशामुक्त भारत का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, वरदानी भवन ललितपुर में 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का भव्य शुभारंभ परमपिता शिव परमात्मा की मधुर स्मृति, दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ गरिमामय वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। राजयोगिनी बीके चित्र रेखा दीदी ने कहा कि ब्रह्मा कुमारीज संस्थान अपने 25 सेवा प्रभागों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में आध्यात्मिक एवं नैतिक जागृति का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का आधार आत्मजागृति और राजयोग है। आध्यात्मिक शक्ति के माध्यम से व्यक्ति अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त कर सकता है।

संचालन कर रहीं बीके माया रानी दीदी ने प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से नहीं हौसलों से उड़ान होती है। नशे को कहें इनकार, राजयोग से करें इकरार। बीके प्रीति दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में केवल शराब और तंबाकू ही नहीं, बल्कि मोबाइल सहित कई अन्य बुरी आदतें भी नशे का रूप ले चुकी हैं। इनसे मुक्ति के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण और सकारात्मक सोच आवश्यक है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को भीतर से खोखला कर देता है। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। सीडीओ एस.एन. चौहान ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर संस्कारित एवं स्वस्थ जीवन अपनाएं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य है और नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

डा.रवि पचौरी ने कहा कि जन-जागरूकता नशामुक्त समाज बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान प्रेरणा शर्मा, डा.राजेंद्र प्रकाश, डा.सौरव सिंह, संतोष कुमार, हरनारायण पश्तोर, कैलाश नारायण, हरिशंकर साहू, रमाकांत तिवारी, अशोक कुमार राठौर, दीपक नामदेव, पंचम सिंह निरंजन, कवि पंकज जैन, राम किशोर साहू, केशव प्रसाद पांडे, रामनरेश साहू एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की संवेदनशील पहल बनी निराश्रित बच्चों का संबल

1 हजार नए बच्चों को उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़कर बदल डाली सैकड़ों परिवारों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रशासन तभी सार्थक है जब उसकी संवेदनशीलता अंतिम पंक्ति में खड़े सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंचे। जनपद ललितपुर में जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश की कार्यशैली इस भावना को निरंतर साकार कर रही है, नियमित जनता दर्शन एवं जनसुनवाई के दौरान जब भी उनके समक्ष निराश्रिम महिलाओं, अनाथ एवं असहाय बच्चों के प्रकरण पहुंचे, उन्होंने उन्हें केवल एक आवेदन के रूप में नहीं बल्कि एक परिवार की पीड़ा के रूप में देखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण में गहरी मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए स्वयं बच्चों एवं उनके परिजनों की पारिवारिक परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त की। पात्रता सुनिश्चित होने पर सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को तत्काल मौके पर ही ऑनलाइन आवेदन कराने के निर्देश दिये, जिससे पात्र बच्चों को बिना अनावश्यक विलंब के उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ मिल सके। यही कारण है कि अनेक ऐसे परिवार जिन्हें वर्षों से योजना की जानकारी अथवा पहुंच नहीं थी, आज सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की सहायता प्राप्त कर जीवन के प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के मात्र 10 माह के कार्यकाल में उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत 1073 नये बच्चों को योजना से लाभान्वित कराया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कोविड काल से संचालित इस योजना में कुल 739 बच्चे ही लाभान्वित हुए थे। वर्तमान में जनपद में इस योजना के अंतर्गत कुल 1812 बच्चे लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह उपलब्धी केवल प्रशासनिक आंकड़ा नहीं, बल्कि सैकड़ों निराश्रित एवं असहाय बच्चों के जीवन में आयी नई आशा और सुरक्षा का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने कहा कि योगी सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र बच्चा आर्थिक अभाव या पारिवारिक विपत्ति के कारण अपने भविष्य से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि ऐसे बच्चों का सक्रिय रूप से चिन्हांकन किया जाए, जिन्होंने 01 मार्च 2020 के बाद अपने अभिभावक, माता-पिता दोनो अथवा किसी एक को खो दिया है और जो जीवित हैं उनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए से अधिक न हो, उन्हें समयबद्ध ढंग से उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य सहित शासन की अन्य सभी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ उनके भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 श्रेणी के अंतर्गत पात्र बच्चों को प्रतिमाह 4 हजार तथा उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य श्रेणी के बच्चों को प्रतिमाह 2500 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।



जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई निराश्रित अथवा पात्र बच्चा है, जो अभी तक योजना से लाभान्वित नहीं हो सका है, तो योजना की वेबसाइटपर ऑनलाइन आवेदन करा सकते हैं या उसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय अथवा सम्बंधित विभाग को दें। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र बच्चा शासन की इस संवेदनशील योजना से वंचित न रहने पाये। ललितपुर में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश की संवेदनशील सोच और मानवीय प्रशासन की जीवंत उदाहरण बनकर उभरी है, जिसने सैकड़ों बच्चों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और नई उम्मीद का दीप प्रज्वलित किया है।

दिव्य प्रेम सेवा मिशन की इकाई की बैठक संपन्न

संगठन के कार्यों पर चर्चा की, 15 अगस्त को पौधे लगाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



दिव्य प्रेम सेवा मिशन की ललितपुर इकाई की एक बैठक मिशन के जिला संयोजक बब्बू राजा बुंदेला जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा बैठक का संचालन सहसंयोजक महेश श्रीवास्तव भैया ने किया।ललितपुर के सर्किट हाउस में आज दिव्या प्रेम सेवा मिशन की इस विशेष बैठक का आयोजन आगामी कार्यक्रमों को लेकर किया गया।

इस बैठक में इकाई के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संगठन के आगामी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। महापौधरोपण अभियानः आगामी 15 अगस्त को पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ व्यापक स्तर पर पौधे लगाए जाएंगे। शरद उत्सव यात्राः आगामी शरद उत्सव के अवसर पर हरिद्वार जाने वाले सदस्यों और श्रद्धालुओं की अंतिम सूची तैयार कर ली गई है।सभी सदस्यों ने मिशन के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर दिव्य प्रेम सेवा मिशन से ललितपुर में अधिक से अधिक आम नागरिकों को जोड़ने का संकल्प लिया गया आशीष भैया जी द्वारा कुष्ठ रोगियों और अन्य पीड़ित बंचितो की जा रही सेवा कार्यों से सबको परिचित कराया जा सके ।

नेशनल प्रतियोगिता के लिए मिला टेबल टेनिस सेट

प्रदेश में तीसरी रैंक लाने वाले सजल का सम्मान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2026 में प्रदेश स्तर पर तृतीय रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन करने वाले युवा खिलाड़ी सजल राठौर का बुधवार को औद्योगिक आस्थान चंदेरा स्थित गुरुवर फूड प्राइवेट लिमिटेड के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। आयोजन जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की प्रेरणा से स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा किया गया। समारोह में उद्योगपतियों ने सजल राठौर की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें आगामी राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ी को अभ्यास के लिए कम्प्लीट टेबल टेनिस सेट भेंट किया गया, ताकि उनकी तैयारियों में किसी प्रकार की कमी न रहे। उद्योगपतियों ने आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के दौरान आने वाली किसी भी समस्या में वह हरसंभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि सजल राठौर जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग जगत हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लक्ष्य को पूरा करने में पूरा सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी उद्योगपतियों ने सजल राठौर का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी ललितपुर एवं उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

महिला मंडल के पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शहर के एक होटल में अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल का रंगारंग कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से संगठन की एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मंडल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान पदाधिकारियों ने नई टीम का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं नव नियुक्त पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से भविष्य में भी इसी प्रकार संगठन की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग और सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। सर्वसम्मति से मृदुला माहेश्वरी को मंडल का अध्यक्ष, मानसी अग्रवाल (किरण) को सचिव तथा अर्चना अनूप अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों का मंडल की सदस्यों ने फूल-मालाओं और शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, महिला सशक्तीकरण और संगठन को मजबूत बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। मृदुला माहेश्वरी, मानसी अग्रवाल, अर्चना अनूप अग्रवाल, अर्चना बीके अग्रवाल, मोना बंसल, पूनम अग्रवाल, नीना ओसवाल, अलका, पूनम बंसल, नीलम, प्रिया, गरिमा मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज में चलाया जागरूकता अभियान

काम के हर 45 मिनट में एक मिनट का रिसैट करें चिकित्सक : डा. खैरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्थानीय मेडिकल कॉलेज में भारतीय ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन एवं उत्तरप्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के निर्देशन में ललितपुर आर्थोपेडिक क्लब की ओर से एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को काम के दौरान होने वाली समस्याओं से बचाने के उपाय प्रयोग करके बताए गये।

मेडिकल कॉलेज ललितपुर में ऑर्थोपेडिक क्लब की ओर से डा.आकाश खैरा ने पावर प्वाइंट प्रिजेंटेशन के माध्यम से बताया कि लगातार काम करने से स्ट्रैस के कारण अनेक स्वास्थ्य समस्यायें उत्पन्न हो जाती हैं। अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुये हर 45 मिनट के काम के समय के दौरान सिर्फ 60 सेकेण्ड में स्ट्रैच एक्सरसाईज कर अपने आप को तरोताजा किया जा सकता है। इससे मानसिक और शारीरिक एकाग्रता बढ़ जाती है जिससे गलती करने की गुंजाइश कमतर हो जाती है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और क्लब मानद सदस्य डा.मयंक कुमार शुक्ला ने कहा कि चिकित्सकों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है, तभी चिकित्सक जनता की सेवा कर सकेंगे। उन्होंने प्रमाणपत्र बाँटकर क्लब के सदस्यों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम होते रहना चाहिये।

ऑर्थो यूनिट हैड डा. सौरभ साहू ने प्रतिभागियों के सवालों के सटीक जबाव दिये और पावर प्वाइंट प्रिजेंटेशन के माध्यम से सभी शंकाओं का समाधान किया। फिजियोथेरेपिस्ट डा.सौरभ देवलिया ने फिजिकल एक्सरसाइज से तनाव और थकान दूर करने के तरीके प्रयोग कर समझाए। उप प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डा.श्रुति सिंह, सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह, एचओडी ऑर्थो डा.महेश नवद्या, क्लब के सदस्यगण डा.मनोज वर्मा, डा.निर्भय सिंह, वरिष्ठ फिजिशियन डा.पवन सूद, एचओडी माइक्रोबायोलॉजी डा.मधुरेन्द्र राजपूत, एचओडी ऑप्थल्मोलॉजी डा.रूपाली वर्मा, एचओडी एसपीएम डा.रवि पचौरी, एचओडी पेडिएट्रिक्स डा.आकृति यादव मौजूद रहे।

लकड़ी माफिया मस्त, आरा मशीनों में अवैध लकड़ियों का रखा भंडार

वन विभाग की लापरवाही से हरे पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी, दूसरे राज्य में लकड़ी का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



नियमों का नहीं हो रहा पालन

नगर सहित ग्रामीण अंचल में लकड़ी माफियाओं द्वारा हरे पेड़ों पर कुल्हाडी चलाई जा रही है, इतना ही नहीं क्षेत्र में आए दिन नगर की सडकों पर अवैध लकडी का परिवहन होते आसानी से देखा जा रहा है। जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारीयों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के सरकारी दावे लकडी तस्करों के आगे हवा हो रहे हैं। सरकार पेडों को बचाने के लिए करोडों खर्च कर लोगों में जागरुकता लाने जतन कर रही है, लेकिन जिम्मेदार महकमे की अनदेखी के चलते इस इलाके में हरे पेड़ों पर तस्करों की कुल्हाडी चल रही है। जिले में वन विभाग को लेकर नींद में सोया हुआ प्रषासन के आगे अवैध लकड़ी के सप्लाई करने वाले खुलेआम अपना धंधा कर रहे है। जानकारी के मुताबिक हरे पेडों की कटाई के बाद लकडी तस्कर पिपल्याकुल्मी, कुमाड़ा, गादिया अगरिया सहित ग्रामीण क्षेत्र से आधी रात में लकडी की सप्लाई जिले से लगी हुई राजस्थान सीमा की आरा मशीनों तक हो रही है। हद तो इस बात की है कि वन विभाग और को इसकी भनक तक नहीं है। यह वजह है कि तस्कर पेडों को बेखौफ बेचकर चांदी कूट रहे हैं।

अवैध आरा मशीनों के संचालक बेरोकटोक काट रहे पेड़

पर्यावरण संरक्षक कहते है कि क्षेत्र में जहां पर भी अवैध रुप से आरा मशीनों का संचालन कर हरे पेड़ो की कटिंग की जा रही है और नियम तोड़े जा रहे है, इसी तरह बेरोकटोक पेडों की कटाई होती रहेगी, तो एक दिन न हरियाली बचेगी, न ही वन्यजीव बचेंगे। विभाग की मिलीभगत से रोजाना सैकडों पेड तस्करी की भेंट चढ़ रहे हैं। जब इसकी जानकारी दी जाती है, तो कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर छोड देते साथ ही दर्जनों आरा मशीन के लाइसेंसों को अपडेट नहीं किया गया है।

किसानों को लालच देकर पेड़ों की हो रही कटाई

तस्करी के इस काले धंधे से जुड़े लोग किसानों को लालच देकर खेतों में खडे हरे पेडों को कटवा रहे हैं। इसके अलावा शासकीय जमीन से भी पेडों का साफ करवा रहे हैं। साथ ही लकडी राजस्थान के कस्बों में महंगे दामों पर बेच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में हरे पेडों को काटकर ट्रैक्टर से आरा मशीन तक लाया जाया जा रहा है। फिर यही से या कुछ को अपने संबंधो के चलते सीधे बार्डर पार कर राजस्थान भेजकर मोटा मुनाफा कमाया जाता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार इन में बहुत सी प्रतिबंधित लकड़ी भी शामिल रहती हैं।

बता दे कि प्रत्येक आरा मशीन संचालक को लकड़ी चीरने के साथ लकडी के आवक, जावक का मासिक लेखा जोखा वन विभाग के जिला कार्यालय में पेश करने के नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। आरा मशीन संचालक को लकडी चीरने के दौरान वृक्ष का नाम, प्राप्ति, स्वामित्व प्रमाण पत्र, चिराई के बाद आयतन और अवशेष का विवरण रजिस्टर में अंकित करना होता है। इसके अलावा आरा मशीन परिसर में सूचना पटल पर मशीन का आकार और ले आउट प्लान, लकडियों का स्टॉक, लाइसेंस रखना आवश्यक है। लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले ऐसे आरा मशीन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती ळें

इनका कहना है

मैं इस मामले को दिखवाता हूं, साथ ही टीआई साहब और वन विभाग से चर्चा कर बहुत जल्द करवाई जाएगी।
-कपिल शर्मा, तहसीलदार माचलपुर।

आपसे जानकारी मिली है, उस क्षेत्र में कार्रवाही किए हुए हमे भी बहुत समय हो गया है, जल्द ही कार्रवाई करेंगे।
-डी.के. भिलाला, उड़नदस्ता प्रभारी राजगढ़।

ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई की मांग की

ग्राम पंचायत घोड़ाखेड़ा में कागजों में हुए कार्य धरातल से गायब, ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



खुजनेर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत घोड़ाखेड़ा के ग्रामीणों ने पंचायत में हुए लाखों रुपये की अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को आवेदन सौंपकर पंचायत में हुए लाखों के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक पर मनरेगा सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं में अनियमितता किए जाने के आरोप लगाए हैं। आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में मनरेगा, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना, पंचम राज्य वित्त आयोग, स्टाम्प शुल्क, तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा आरजीपीएसए सहित अन्य योजनाओं के तहत सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा लापरवाहीपूर्वक कार्य किया गया है ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कार्यों की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में गरीब नागरिकों के साथ कथित तौर पर लापरवाही एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है संबंधित विभागों में कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया कि सरपंच एवं रोजगार सहायक के परिवार द्वारा दबाव बनाकर गरीब ग्रामीणों को डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है ग्रामीणों ने कलेक्टर से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है ग्रामीणों की मांग है कि पंचायत के सभी निर्माण एवं विकास कार्यों, भुगतान और शासकीय योजनाओं से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए

कागजों में हुए विकास, धरातल से काम गायब

ग्रामीण मांगीलाल दांगी का आरोप है कि ग्राम पंचायत घोड़ाखेड़ा में वर्ष 2022-23 में जिन कार्यों को कागजों में पूरा बताया गया था, उन्हीं स्थानों पर अब दोबारा कार्य कराया जा रहा है। पंचायत के सामने समतलीकरण, श्मशान घाट के समतलीकरण सहित कई अन्य कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं जिसको लेकर जनसुनवाई में भी ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिए है एवं जिला पंचायत सीईओ जनपद सीईओ से भी पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई उनका आरोप है कि शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रहा है उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है

इनका कहना है...

संबंधि तमामले में जांच चल रही है, जांच में जो भी सामने आएगा, उस आधार पर कार्यवाही की जाएगी।
-आशीष जोशी, सीईओ जनपद पंचायत राजगढ़।

आईपीएस इंग्लिश स्कूल में तहसील स्तरीय वुशु व कलरीपायट्टू प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

आईपीएस इंग्लिश स्कूल में तहसील स्तरीय वुशु एवं कलरीपायट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मंदसौर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर खेल भावना और आत्मविश्वास का परिचय दिया। आयोजन के लिए आई पी एस इंग्लिश स्कूल का चयन होना विद्यालय के लिए गौरव का विषय रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी आगामी 11 अगस्त को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे। विद्यालय प्रबंधन ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आई पी एस इंग्लिश स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को भी सदैव प्राथमिकता देता रहा है। विद्यालय में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें उच्च स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उपस्थित महारानी स्कूल के प्राचार्य राजेश रत्नावत, किरण मेम, रेणुका आचार्य मेम का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया।

सेवानिवृत्ति के साथ ही मिला पेंशन पीपीओ, कर्मचारियों का सम्मान भी



हरिभूमि न्यूज. राजगढ़। जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है। यह व्यवस्था जिले में सुशासन और मानवीय प्रशासन की एक मिसाल बनकर उभर रही है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि हम सभी एक परिवार है और जन सेवा के उददेश्यो से मिलकर कार्य कर रहे हैं। कर्मचारी विभाग को कई वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देता है, इसलिए यह और भी आवश्यक हो जाता है कि उसके सेवानिवृत्ति संबंधी सभी भुगतान समय पर सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान जून और जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारियों को माला, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया।

मंदसौर में अब तक गत वर्ष से 4 इंच कम बारिश, अब तक 15.48 इंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



जिले में बीते तीन दिनों से बारिश की रफ्तार थमी हुई है। रविवार के बाद सोमवार, मंगलवार और बुधवार को जिले के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश नहीं हुई। लगातार सूखे जैसे हालात के कारण उमस बढ़ गई है और लोग गर्मी से परेशान हैं। इस मानसून सीजन में अब तक जिले में कुल 393.19 मिमी (15.48 इंच) बारिश दर्ज की गई है। बारिश के आंकड़े बताते हैं कि इस बार मानसून पिछले साल की तुलना में कमजोर रहा है। वर्ष 2025 में इसी अवधि तक जिले में 495.55 मिमी (19.51 इंच) वर्षा दर्ज की गई थी। यानी इस बार अब तक करीब 102.36 मिमी (लगभग 4 इंच) कम बारिश हुई है। इससे किसानों और आम लोगों की चिंता बढ़ने लगी है।

जिले के अधिकांश हिस्सों में नहीं हुई बारिश

जिला मुख्यालय मंदसौर सहित दलौदा, अफजलपुर, सीतामऊ, नाहरगढ़, भानपुरा, गरोठ, सुवासरा, शामगढ़, मल्हारगढ़, पिपलियामंडी, नारायणगढ़, डिगांव और बरखेड़ा सहित अधिकांश क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से बारिश नहीं हुई। बादल छाने के बावजूद वर्षा नहीं होने से उमस लगातार बनी हुई है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 से 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वर्तमान तापमान करीब 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश नहीं होने से दिन में गर्मी और रात में उमस लोगों को परेशान कर रही है। उधर मौसम विभाग के अनुसार जिले में मानसूनी सिस्टम अभी सक्रिय है। 6 से 8 अगस्त के बीच रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके बाद 9 से 11 अगस्त के दौरान बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। इस अवधि में जिले के कई हिस्सों में अच्छी से तेज बारिश हो सकती है।

ओसवाल युवा स्वयंसेवकों का दल गठित करेगा

मंदसौर। बड़ेसाथ ओसवाल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ की कार्यसमिति की बैठक में तय किया गया है कि समाज सेवा को संस्कारित करने के लिए समाज में एक स्वयंसेवक दल का गठन किया जाएगा। जिसमें वर्तमान में पचास स्वयंसेवक जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इन स्वयंसेवकों का व्यवस्थित प्रशिक्षण भी आयोजित किया जायेगा। बड़ेसाथ ओसवाल युवा प्रकोष्ठ की कार्यसमिति की बैठक संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा के मुख्य आतिथ्य तथा उपाध्यक्ष अरुण मारू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कहा गया कि नई आबादी रोड नं. 1 का नाम दानवीर भामाशाह की स्मृति में नगरपालिका परिषद द्वारा स्वीकृत किया गया था एवं इसका शिलालेख भी लगाया गया था लेकिन शिलालेख को नष्ट कर दिया गया है। अतः नगरपालिका से मांग की गई कि वह दानवीर भामाशाह मार्ग नाम को प्रचलित करने के कदम बढ़ाये। साथ ही ओसवाल समाज के इतिहास को इस ओसवाल दिवस 11 अगस्त को प्रचारित करने के लिए संगठन की एक समिति सक्रिय रहेगी। बैठक में सुरेन्द्र लोढ़ा, अरुण मारू, डॉ. प्रियंक चेलावत, सोमिल नाहटा, संदीप खाबिया, आनंद नाहर, गौरव सुराणा, डॉ. गुंजन मेहता, पिंकेश चौरड़िया, प्रणय मारू, आदित्य मालु, कुलदीप मारवाड़ी, नमन छिंगावत, नीतिन कोठारी मौजूद थे।

रोज काल के गाल में समा रही गोमाता ग्रामीणों ने की गोशाला निर्माण की मांग

सारंगपुर। राजगढ़ कलेक्टर के सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देशों के बावजूद ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की सड़कों पर बड़ी संख्या में गौवंश का जमावड़ा देखा जा सकता है। सड़कों पर बैठे रहने के कारण आए दिन गोवंश सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है, जिससे उनकी मौतें भी हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गोचर भूमि पर कई स्थानों पर अवैध कब्जे हैं, जबकि सड़क किनारे भी लोगों द्वारा तारबंदी कर दी गई है। ऐसे में निराश्रित गोवंश के पास बैठने और विचरण करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं बचा है, जिसके चलते वे सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। ग्राम गुलावता के अरुण पटेल, शुभम पटेल, जितेन पटेल, नानूराम भैंसनिया एवं गंगाराम पटेल ने बताया कि गांव में गोशाला के लिए भूमि आवंटित है, लेकिन उस पर भी कब्जा होने के कारण अब तक गोशाला का निर्माण नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में गायें सड़कों पर बैठी रहती हैं और लगातार दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं। ग्रामीणों ने समाचार पत्र के माध्यम से राजगढ़ कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम गुलावता में शीघ्र गौशाला का निर्माण कराया जाए अथवा सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को निकटवर्ती गोशालाओं में सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था की जाए, ताकि गोवंश की जान बचाई जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आए।

आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे के सपनों के आड़े न आए : सोनम मेहता

इनरव्हील क्लब ने दो मेधावी छात्राओं की पढ़ाई में किया आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर के तत्वावधान में समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। क्लब सदस्या ऐना पोरवाल द्वारा एमएलबी कन्या हाईस्कूल की दो जरूरतमंद मेधावी छात्राओं की पूरी स्कूल फीस का भुगतान कर उन्हें पूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बच्चों की शिक्षा के लिए मिली इस महत्वपूर्ण मदद से उनके परिवारों को बड़ी राहत मिली है और बच्चों का भविष्य संवरने की राह आसान हुई है।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सोनम मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज के सशक्तिकरण का सबसे सशक्त माध्यम है। जब हम किसी जरूरतमंद मेधावी बच्चे की पढ़ाई में मदद करते हैं, तो हम केवल एक बच्चे का नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य बेहतर बना रहे होते हैं। इनर व्हील क्लब हमेशा ऐसे प्रतिभावान और जरूरतमंद बच्चों का हाथ थामने के लिए तत्पर रहता है, ताकि आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे के सपनों के आड़े न आए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्लब द्वारा उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य राजेश रत्नावत, क्लब अध्यक्ष सोनम मेहता, नेहा डोसी, राखी पोरवाल, शिखा गोयल, सुरक्षा चौधरी और ऐना पोरवाल सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

प्रस्फुटन शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरोठ (मंदसौर)



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित संवाद योजना के अंतर्गत विकासखंड गरोठ में प्रस्फुटन शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत गरोठ के सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पी.सी. वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गरोठ, तृप्ति वैरागी, जिला समन्वयक, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, मंदसौर तथा गोकुल सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष गरोठ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पी.सी. वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर समाज के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशामुक्ति तथा ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर भी सक्रिय जनभागीदारी की आवश्यकता बताई।

जिला समन्वयक तृप्ति वैरागी ने उद्बोधन में मप्र जन अभियान परिषद की कार्ययोजना अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं एवं सीएम इंटर्न से नियमित बैठकें आयोजित करने, सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने, पौधारोपण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, नशामुक्ति, स्वच्छता एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में जन अभियान परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गरोठ गोकुल सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद समाज और शासन के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रही है। साथ ही परिषद की सामाजिक गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि स्वयंसेवा की भावना से किए गए कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। उन्होंने सदस्यों से सामाजिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा समाज को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रस्फुटन समिति सदस्यों, नवांकुर संस्था प्रतिनिधियों एवं सीएम इंटर्न को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

चेहल्लुम पर उमड़ा आस्था का सैलाब

अंगारों पर नंगे पांव चले अकीदतमंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



जिले के संजीत चाबुक वाले बाबा की दरगाह पर मंगलवार देर शाम चेहल्लुम का आयोजन श्रद्धा, आस्था और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ। मोहर्रम के 40वें दिन आयोजित इस धार्मिक आयोजन में मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों अकीदतमंदों ने पहुंचकर हाजिरी लगाई। सुबह से ही दरगाह परिसर में जायरीन का पहुंचना शुरू हो गया था। दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और शाम तक पूरा परिसर आस्था के रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं ने दरगाह पर चादर चढ़ाकर अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी।

चेहल्लुम की प्रमुख परंपरा के तहत अनेक अकीदतमंदों ने जलते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। श्रद्धालुओं का मानना है कि चाबुक वाले बाबा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। अंगारों पर चलने के बाद श्रद्धालुओं ने दरगाह पर मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दरगाह परिसर में पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। कव्वालियों, दुआओं और धार्मिक नारों के बीच जायरीन इबादत में लीन रहे। आयोजन के दौरान लंगर की व्यवस्था भी की गई, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक सभी धार्मिक रस्में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। चेहल्लुम का यह आयोजन सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल भी बना। मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ हिंदू सहित विभिन्न धर्मों के लोगों ने भी बड़ी संख्या में दरगाह पहुंचकर श्रद्धा प्रकट की। स्थानीय लोगों के अनुसार छोटी हुसैन टेकरी वर्षों से भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक रही है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। दरगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बल तैनात रहे। आयोजन समिति, प्रशासन और पुलिस के समन्वय से भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रही, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।